हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

पत्रांक कु0स0का0 / 2021 / कैम्प–02 दिनांक 12.04.2021

कार्यालय आदेश

श्रीनगर क्षेत्र में कोरोना के बढ़ते हुए प्रभाव को देखते हुए एवं पर्यटन विभाग की 01 सफाई कर्मी में कोविड–19 के संक्रमण के कारण कुलपति महोदया के आदेश दिनांक 10.04.2021 के अनुपालन में विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन, कुलपति सचिवालय एवं पर्यटन विभाग को दिनांक 12.04.2021 रात्रि 12.00 बजे तक बन्द रखा गया है। सेनिटाइजेशन एवं संक्रमण की रोकथाम को देखते हुए कुलपति महोदया ने उक्त आदेश को दिनांक 13.04.2021 रात्रि 12.00 बजे तक विस्तारित करने के आदेश प्रदान किये हैं। अतः उक्त आदेश के अनुपालन में प्रशासनिक भवन, कुलपति सचिवालय, पर्यटन विभाग एवं बिड़ला परिसर दिनांक 13.04.2021 रात्रि 12.00 बजे तक बन्द किया जाता है।

दिनांक 15.04.2021 से विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन, कुलपति सचिवालय, समस्त विभाग एवं विश्वविद्यालय के तीनों परिसर तथा उप कार्यालय देहरादून सहित समस्त कार्यालय अग्रिम आदेशों तक प्रातः 9.30 बजे से सांय 5.30 बजे तक विभागीय कार्यो हेतु खुलें रहेगें तथा सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को सभी विभागों / परिसरों / कार्यालयों को यथावत सेनिटाइजेशन हेतु खोला जायेगा।

कोरोना के बढ़ते प्रभावों को देखते हुए छात्र / छात्राएं प्रयोगशालाओं / पुस्तकालयों / विभागों / परिसरों में प्रवेश अग्रिम आदेशों तक निषेध किया जाता है। सभी छात्र / छात्राओं की सुविधा हेतु कक्षाओं का अध्यापन कार्य पूर्व की तरह ऑन लाइन सम्पादित किया जा रहा है व आगे भी यथावत जारी रहेगा। परीक्षा कार्यालय, परीक्षा हेतु पूर्व की भांति कार्य करता रहेगा व परीक्षाएं पूर्व की ही भांति यथावत जारी रहेंगी। केवल परीक्षार्थियों को ही परिसरों में परीक्षा हेतु प्रवेश दिया जायेगा।

आज्ञा से
कुलपति

प्रतिलिपि :

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / परिसर निदेशक / अधिष्ठाता छात्र कल्याण / नियन्ता / मुख्य छात्रावास अधीक्षक / उप जिलाधिकारी, श्रीनगर (गढ़वाल)।
2. विश्वविद्यालय क` समस्त अधिकारी / प्रभारी / अनुभागीय अधिकारी।
3. सिस्टम मैनेजर को विश्वविद्यालय की वैब साइट पर अपलोड करने हेतु।
4. सुरक्षा अधिकारी / जन सम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उपर्युक्त आदेश का कड़ाई से पालन करवाना सुनिश्चित करें।
5. निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।

12/04/21

(डा0 अजय कुमार खण्डूड़ी)
कुलसचिव